Double Shift in Kendriya Vidyalayas

1645. SHRI GHUFRAN AZAM : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be plased to state :

(a) the number of Kendriya Vidalayas in and around Delhi which run into two shifts;

(b) whether Government are aware that most of such Kendrya Vidayalayas start at 6.55 in the morning and the small children have to face a lot of mental, psychological and physical torture to reach the schools at such an early hour; and

(c) if so, the steps taken or direction proposed to be given by Government to ensure that these schools srart at around 8.00 a.m. for the convnience of the small children studying in such schools?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION & DEPTT. OF CULTURE) (KUM. SELJA) : (a) There are elevan Kendriya Vidyalaya in and around Delhi which run in two shifts.

(b) and (c) In double shift Kendriya Vidalayas it is not feasible to start morning shift at 8.00 am. or later because shifts having middle classes and above run for six hours ten miniutes and shift having primary classes only run for five hours fifty five minutes. However, KVS has decided to run primary classes only in evening shifts in a phased manner.

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षाएं

1646. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त परीक्षाओं की संख्या कितनी है और देश भर में स्थित परीक्षा केन्द्रों के नाम क्या-क्या हैं;

(ख) इस संबंध में क्या नियम निश्चित किये गये हैं और ये परीक्षाएं किस किस विषयों में ली जाती हैं; और

(ग) इन परीक्षाओं को क्या मान्यता प्रदान की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा भेजी गई सूचनानुसार, विश्वविद्यालय 22 कार्यक्रमों में विभिन्न उपाधियां प्रदान करने के लिए परीक्षाएं आयोजित करता है । इन कार्यक्रमों के नाम संलग्न विवरण-I में दिए गए हैं **(नीचे देखिए)** इन कार्यक्रमों हेतु परीक्षाएं पूरे देश में फैले हुए परीक्षा केन्द्रों में वर्ष में दो बार जून और दिसंबर में आयोजित की जाती हैं । ऐसे केन्द्रों की एक सूची अनुपत्र में दी गई है । **(देखिए परिशिष्ट 170 अनुपत्र सं० 39)** विश्वविद्यालय अपनी अपनी परीक्षाएं अपने अध्यादेशो में दिए गए प्रावधानों के अनुसार आयोजित करता है । इदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई उपाधियों को रोजगार के प्रयोजनार्थ वही स्तर और मान्यता प्राप्त है जो देश के किसी अन्य विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई तदनुरूपी उपाधि को प्राप्त है । जहां तक प्रवेश के लिए अर्हताओं का संबंध है, देश के विश्वविद्यालयों द्वारा सामान्यतः अपनाई जा रही पद्धति यह है कि वे एक दूसरे की अर्हताओं को परस्पर आधार पर मान्यता प्रदान करते हैं, बशर्ते प्रवेश अर्हता, समयावधि और योग्यता का स्तर एक जैसा हो । तदनुसार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रवेश के उद्देश्य से अपनी अर्हताओं को मान्यता देने के प्रश्न पर देश के अन्य विश्वविद्यालयों के साथ विचार विमर्श किया है और अब तक 48 विश्वविद्यालयों ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय को डिप्लोमा इत्यादि को मान्यता प्रदान की है ।